# कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

**दिनांक- 09.05.2025**

**विषय:- चोरी की मोटरसाईकिल के साथ दो अभियुक्तगण थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा गिफ्तार किया गया ।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के नेतृत्व में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0152/2025 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस थाना भेलूपुर से संबंधित अभियुक्तगण को दि0 09.05.2025 को रविन्द्रपुरी चौराहे के पास थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** वादी मुकदमा का वाहन मो0सा0 सं0 UP 65 DR 1694 अपाचे ग्रे कलर को पैनेसिया हास्पिटल की पार्किंग से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना भेलूपुर पर पंजीकृत किया गया।

**विवरण पूछताछ-** अभि0 आयुष वर्मा पूछने पर अपनी गलती की माफी मांगते हुए बता रहा है कि दि0 05.05.2025 को हम दोनों ने पैनेसिया हास्पिटल के पार्किंग से इस मोटरसाईकिल को चोरी किया था जिसे हम दोनो आज बेचने के फिराक में ही जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

बयान अभि- अमन कुमार पूछने पर अपनी गलती की माफी मांगते हुए बता रहा है कि दि0 05.05.2025 को हम दोनों ने पैनेसिया हास्पिटल के पार्किंग से इस मोटरसाईकिल को चोरी किया था जिसे हम दोनो आज बेचने के फिराक में ही जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.आयुष वर्मा पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी ग्राम दुल्लहीपुर ( रामकृष्णा आई हास्पिटल के सामने ) थाना मुगलसराय जिला चन्दौली उम्र 23 वर्ष ।

2.अमन कुमार पुत्र सुनील सेठ निवासी ग्राम दुल्लहीपुर (भीतरी बाजार) थाना मुगलसराय जिला चन्दौली उम्र 24 वर्ष ।

**बरामदगी का विवरण- मोटरसाईकिल** गाडी सं0 UP65 DR 1694, चेचिस नं0 MD634CE48K2K10618 , व इजन नं0 CE4KK2510381, व रंग ग्रे

**<u>अपराधिक इतिहास -</u>** मु0अ0सं0 0152/2025 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस थाना भेलूपुर।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. श्री गोपाल जी कुशवाहा प्रभारी निरीक्षक थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी खोजवां थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
3. उ0नि0 श्री विनय कुमार यादव थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
4. प्र0उ0नि0 श्री श्यामसुन्दर थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
5. का0 आलोक रंजन थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
6. का0सुमित साही थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
7. का0सूरज भारती थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**